# आए गजानन आए | By Anup Sawariya |

आए आए गजानन आए
ओ ढोल बजाओ
सब मिलकर झूमो खुशियाँ मनाओ
गणपति जय हो तुम्हारी
गजानन जय हो तुम्हारी

विघ्न के हरता मंगल करता
जय जयकार तुम्हारी
आओ पधारो उत्सव में हम
करते विनती तुम्हारी
फूल की माला तुम्हें पहनाके
मोदक का तुम्हें भोग लगाके
केसर तिलक लगाए
गणपति जय हो तुम्हारी
गजानन जय हो तुम्हारी

रिद्धि सिद्धि के स्वामी तुमको
पूजे दुनिया सारी
लाल बाग के राजा तेरी
मूषक वाहन सवारी
गौरा जी के राज दुलारे
शंकर की आँखों के तारे
पहले तुम्हें मनाए
गणपति जय हो तुम्हारी
गजानन जय हो तुम्हारी

गणपति बप्पा मोरया
अगले बरस जल्दी आना

तेरा जन्मदिन गणपति बप्पा
आके सफल बना जाना
ढोल नगाड़े झाँझ बजाके
तुमको विदा कराए
गणपति जय हो तुम्हारी
गजानन जय हो तुम्हारी

आए आए गजानन आए
ओ ढोल बजाओ
सब मिलकर झूमो खुशियाँ मनाओ
गणपति जय हो तुम्हारी
गजानन जय हो तुम्हारी

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%86%e0%a4%8f-%e0%a4%97%e0%a4%9c%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a4%a8-%e0%a4%86%e0%a4%8f-by-anup-sawariya/